श्री शांता कुमार : एक बात यहां पर यह कही गई, मैं एक निवेदन माननीय सदन से करूंगा। मैंने पहले भी कहा था कि फूड कारपोरेशन के काम में कमियां हैं, मैं उन कमियों को स्वीकार करता हूं। लेकिन एकदम स्वीपिंग रिमार्क्स देना ठीक नहीं है। यह बात बार-बार कही जाती है कि सरकार के गोदाम भरे पड़े हैं, अनाज सड़ रहा है। सारा अनाज सड़ रहा है यह यदि कोई माननीय सदस्य कहता है तो इसमें सच्चाई नहीं है। कहीं-कहीं डेमेज होता है, खराब होता है, असावधानी होती है उसको मैं स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। लेकिन यह स्टेटमेंट बिल्कुल सही नहीं है कि सब जगह पर अनाज सड़ रहा है। आज डेमेज अनाज की स्थिति क्या है? इस समय हमारे देश के अंदर, गोदामों के अंदर 616 लाख टन अनाज है। ...**(व्यवधान)**... 616 लाख टन अनाज हमारे पास गोदामों में है और डेमेज कितना है एक लाख 81 हजार यह 0.29 परसेंट है। अब 616 लाख टन में केवल एक लाख इक्यासी हजार डेमेज है इसको यह कहना कि अनाज सड़ रहा है, यह फूड कारपोरेशन में ईमानदारी से काम करने वाले लाखों लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा। यदि वहां पर कोई गलत आदमी है तो हम उसको सजा देंगे, हम सजा दे रहे हैं, लेकिन तीन लाख कर्मचारी फूड कारपोरेशन में काम कर रहे हैं, बहुत ईमानदारी और अच्छे लोग वहां पर हैं। इस प्रकार के रिर्माक्र्स देने के कारण हम पूरी की पूरी आर्गेनाइजेशन को बदनाम कर देते हैं। मैं यह कहना चाहूंगा। ...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : मंत्री जी एक लाख इक्यासी हजार टन जो अनाज सड़ा हुआ है उसके लिए जिम्मेदार कौन हैं और जो उसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है?

श्री शांता कुमार : उपसभाध्यक्ष महोदय, सड़ा हुआ नहीं है, जो अनाज खराब होता है...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : वह अनाज खराब है? ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : मैं तो बता रहा हूं और मेरे पास पूरे आंकड़े हैं। जब अनाज खराब होता है और जब वह किसी के खाने के योग्य न रहे तो उसकी फीड कैटेगिरी हो जाएंगी, फीड कैटेगिरी एक, फीड कैटेगिरी दो और फीड कैटे गिरी तीन, इंडस्ट्रियल यूज, मैन्योर, डम्पिंग इस प्रकार की डिफरेंट कैटेगिरीज हैं।

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल) : मंत्री जी, एक मिनट आप खराब अनाज के बारे में बताने की कृपा करेंगे। स्टेंडिंग कमेटी ने अलग-अलग जगह टूर करके एक चौकाने वाली रिपोर्ट दी थी कि खराब अनाज का बहुत बड़ा हिस्सा समुद्र में गिरा देना चाहिए। यह तो किसी एक पार्टी का सवाल नहीं है, स्टेंडिंग कमेटी में तमाम पार्टी के लोगों ने प्रतिनिधित्व किया था। यही बात आज सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी आ रही है। किसी न किसी जगह पर प्रोब्लम है। कोई भी एफसीआई के कर्मचारियों की ईमानदारी पर शक नहीं कर रहा है। लेकिन सवाल यह है कि किसी न किसी जगह पर, हमारी सामूहिक समझदारी में कोई गलती हो रही है। इसको विवाद का विषय मत बनाइये।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : ठीक है।

श्री शांता कुमार : मैं आपसे सहमत हूं। मैं विवाद का विषय नहीं बना रहा हूं। मैं यह कह रहा हूं कि केवल 0.29 परसेंट डैमेज्ड है और जो डैमेज्ड होता है उसको निकाल दिया जाता है।

श्री नीलोत्पल बसु : देश में आपकी टोटल स्टोरेज कैपेसिटी कितनी है? ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : किसी की गलती के कारण ...**(व्यवधान)**...

श्री विक्रम वर्मा : मंत्री जी का उत्तर हो जाने दीजिए। ...**(व्यवधान)**... इसके बाद पूछ लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : यही तो पूछ रहा हूं कि स्टोरेज कैपेसिटी कितनी है? ...**(व्यवधान)**...

श्री विक्रम वर्मा : आप सुनेंगे तभी तो ...**(व्यवधान)**...

श्री नीलोत्पल बसु : कितने दिन पुराना स्टॉक है, वह सड़ेगा तो जरूर ...**(व्यवधान)**...

SHRI O. RAJAGOPAL: He is answering all the points raised by the hon. Members. But you are not allowing him to reply. ...*(Interruptions)*...

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, the Minister of State for Parliamentary Affairs must also understand that we are ...*(Interruptions)*...

श्री शांता कुमार : मैं निवेदन कर रहा था कि एक लाख 81 हजार टन डैमेज्ड है। उसको बिल्कुल इश्यु नहीं किया जाता है। उसको एक प्रक्रिया के अधीन नीलाम करके निकाला जाता है। लेकिन बाकी अनाज बिल्कुल ठीक स्थिति में है और उसको ठीक ढंग से देने की कोशिश की जा रही है। यहां पर एक बात और कही गई है कि बिलो पावर्टी लाइन...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : एक लाख 81 हजार टन जो अनाज ठीक नहीं है क्या उसके लिए किसी को जिम्मेदार ठहराया गया है? यदि ठहराया गया है तो क्या उनपर कोई कार्यवाही हुई है?

श्री शांता कुमार : जहां-जहां किसी की गलती के कारण होता है उसको निश्चित रूप से सजा दी जाती है। ...**(व्यवधान)**... मैंने स्वयं दो जगह चैक किया है। जब मुझे सूचना मिली तो मैं स्वयं लोनी के गोदाम में गया। वहां पर कई हजार टन चावल कई वर्षों से खराब रखा हुआ था। लोग सस्पेंड हुए और उनको सजा दी गई। तीन-चार जगह पर कुछ मामले सी.बी.आई. को दिए गए हैं। यह तो सतत् प्रक्रिया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : ठीक है यही बात पूछ रहे थे। ...**(व्यवधान)**...

SHRI NILOTPAL BASU: This is very ...*(Interruptions)*... आप बोल रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : जहां पर यह पाया जाता है कि किसी की लापरवाही के कारण खराब हुआ है तो वहां पर सजा दी जाती है। सारा अनाज सड़ रहा है, यह स्टेटमेंट ठीक नहीं है। इतना ही मेरा निवेदन है। एक बात और कही गई है, बिलो पावर्टी लाइन के लोगों का आफ टेक बिल्कुल कम हुआ है, ऐसा नहीं है। मैंने कल भी कहा था कि आफ टेक कम है लेकिन बिलो पावर्टी लाइन का आफ टेक बढ़ा है। कई जगह बिलो पावर्टी लाइन का आफ टेक 1998-99 में 59 लाख टन, 1999-2000 में 69 और 2000-2001 में 95 लाख टन हुआ है। जितना बढ़ना

चाहिए था उतना नहीं बढ़ा लेकिन जहां 10 किलो एलोकेशन था उसको 20 किलो किया है और अब 25 किलो है। जितनी परसेंटेज बढ़नी चाहिए थी उस मात्रा में नहीं बढ़ी है। कल भी मेरी शिकायत थी, वह नहीं बढ़ा है और राज्य नहीं उठा रहे हैं। ...(व्यवधान)...

SHRI NILOTPAL BASU: We are not here for fun, at 7 o' clock. ...*(Interruptions)*... We also understand what the problem is. ...*(Interruptions)*... Today, the buffer stock is of 61 million tonnes. We also understand the figures a little bit. But what is the storage capacity?

SHRI O. RAJAGOPAL: You first let him reply and then he will answer your questions.

श्री नीलोत्पल बसु : यह बात आपकी समझ में नहीं आ रही है ...(व्यवधान)...

श्री शांता कुमार : लेकिन उसी मात्रा के अंदर 43 लाख टन से बढ़कर 95 लाख टन बीपीएल का टेक आफ हो गया है, यही मेरा कहना है। मैं फिर वही बात कहूंगा कि वेलफेयर स्कीम्स में तीन-चार सालों में हमारी एलोकेशन 90 लाख टन है और ऑफ टेक केवल 40 लाख टन है। वेलफेयर स्कीम्स में बहुत सस्ता अनाज दिया जाता है। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि जहां कहीं से भी इस प्रकार की शिकायतें आती हैं सरकार उसका पता लगाने की कोशिश करती है। उपसभाध्यक्ष जी, आपको याद होगा कि इंडिया टुडे में एक रिपोर्ट छपी थी कि महाराष्ट्र में 2000 बच्चे कुपोषण से मर गए। यह रिपोर्ट दिल दहला देने वाली थी कि इतने बच्चों की कुपोषण से किस प्रकार मृत्यु हो गई। हमने अपने अधिकारी को महाराष्ट्र भेजा और कहा कि उस जिले की पूरी रिपोर्ट ले कि वहां पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम की क्या हालत है। उस अधिकारी ने वहां जाकर जो रिपोर्ट दी उसके मुताबिक कारण यह था कि उस सारे क्षेत्र में पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम ठीक ढंग से फंक्शन नहीं कर रहा है, दुकानों पर राशन ठीक ढंग से नहीं पहुंच रहा है और इसी कारण से यह सब हुआ। मैं इस सारी रिपोर्ट में नहीं जाना चाहता लेकिन इसमें कहा गया है कि "Large-scale diversion of PDS foodgrains by the fair price shop-owners to the open market; the fair price shop owners are not maintaining any account/record with regard to receipt and issue of essential commodities". इसमें यह भी कहा गया है कि जब उन्होंने बी.पी.एल. के लोगों को बुलाकर पूछा तो उन्होंने कहा कि कभी पांच किलो मिलता है, कभी चार किलो मिलता है, कभी तीन किलो मिलता है और कभी-कभी तो तीन-चार महीने मिलता ही नहीं है "BPL card-holders are not getting foodgrains for months together due to non-functioning of the fair price shops. However, the record of *taluka* level godown show that the fair price shop owner at *kamla* village had been lifting foodgrains consistently since December, 2000, but the same has not been distributed to the BPL card-holders. Although the fair price shop owners were getting regular supply of sugar, no record were produced regarding lifting of sugar by the fair price shop owner". उस जिले में जो स्थिति है मैंने उसका पता किया और इस रिपोर्ट के आने के बाद मैंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, उन्हें यह रिपोर्ट भेजी और कहा कि यह हमारी और आपकी मिली-जुली जिम्मेदारी है। हमने अनाज दिया, शुगर दी, वहां पहुंच गई,

पहुंचने के बाद गांव की राशन की दुकान के लिए इश्यू भी हो गई लेकिन राशन की दुकान पर डिस्ट्रिब्यूशन नहीं हुआ और यह भी एक कारण बना कि 2000 बच्चों की वहां इस प्रकार से मृत्यु हुई। मेरा यह कहना है कि कारण को ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए। हमें और राज्यों को मिलकर कोशिश करनी चाहिए। मुझे उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर एरिया से एक जर्नलिस्ट का गुमनाम पत्र मिला। उसने कहा आप अपने सिस्टम के बारे में बहुत भाषण दे रहे हैं जरा मेरे गांव की छह दुकानों का हाल तो देखो। हमने एरिया ऑफीसर को वहां भेजा, वहां से बहुत बढ़िया रिपोर्ट आई है। इसमें कहा गया है "The fair price shop owner was either a relative of the village pradhan or an employee of the pradhan". It was said, "There were no earmarked fair price shop in most of the cases. In most of the cases, the distribution of PDS commodity was taking place either from the premises of the village pradhan or from the house of the fair price shop owner". It was also said, "There was either no supply of sugar and kerosene oil for months together or these items were being distributed in vague quantities and at varied prices, as per the sweet will of the fair price shop owner". जब यह रिपोर्ट आई तो मैंने इसके बारे में उत्तर प्रदेश सरकार से कहा और मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐक्शन लिया, उनके लाइसेंस कैंसिल किए और कुछ लोगों को सस्पेंड किया। मेरा निवेदन है कि देश में 4,60,000 राशन की दुकानें हैं, इन राशन की दुकानों पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है इसलिए राज्य सरकारें इस जिम्मेदारी को पूरे ढंग से निभाएं। यदि इसमें हमारी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो हम करने के लिए तैयार हैं। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता एक सी.ए.जी. रिपोर्ट, जिसका यहां पर जिक्र किया गया, एक मिड टर्म एप्रेजल आफ़ प्लानिंग कमीशन आन पी.डी.एस.और एक टाटा कंसल्टेंसी रिपोर्ट, ये तीनों रिपोर्ट्स मेरे सामने हैं। उन रिपोर्टों में बहुत कुछ कहा गया है। लेकिन किसी रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि केंद्र सरकार प्रोक्योरमेंट नहीं कर रही है। हमारे इसमें तीन काम हैं। इनमें से एक काम प्रोक्योरमेंट करना। तीनों रिपोर्टों में कहीं नहीं कहा गया है कि केंद्र प्रोक्योरमेंट नहीं कर रहा है। दूसरा काम हमारा है स्टोर करना। तीनों रिपोर्टों में कहीं नहीं कहा गया है कि केंद्र स्टोर नहीं कर रहा है। तीसरा काम यह है कि हम प्रदेशों को 16 सौ केंद्रों पर जाकर दे रहे हैं। केवल दिल्ली से नहीं दे रहे हैं। पूरे देश में 16 सौ केंद्र हैं जहां से प्रदेशों को हम देते हैं। तीनों की तीनों रिपोर्टों में जो खामियां बताई गई हैं वह डिस्ट्रिब्यूशन की है। ये वे खामियां हैं, जिनकी मुख्य जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि राज्य सरकारों को आगे आना पड़ेगा। हमारी जो जिम्मेदारी होगी वह जिम्मेदारी हम पूरी तरह से करने के लिए तैयार हैं।

कुछ और बातें यहां पर वितरण व्यवस्था के बारे में कही गई है। चीनी अब केवल बिलो पावर्टी लाइन के लोगों को देने का निर्णय किया गया है। जैसे एक माननीय सदस्य ने कहा कि जो लोग आय कर देते हैं उनको भी चीनी देते थे, लेकिन आयकर देने वाले बहुत से लोग चीनी नहीं लेते थे और उनके नाम पर दी जाने वाली जो चीनी है, वह बाहर बिकती थी। इसलिए सरकार ने यह निणर्य किया है कि चीनी केवल बिलो पावर्टी लाइन के लोगों को ही दी जाएगी।

दुकानों की संख्या के बारे में यहा पर कहा गया। दुकानों की संख्या कितनी होनी चाहिए यह राज्य सरकार ने तय करना है। अगर कोई राज्य सरकार सौ नई दुकानें खोलना

चाहती है तो उसके लिए केंद्रीय सरकार को पूछने की भी जरूरत नहीं है। अगर राज्य सरकार चाहती हैं तो वह दुकानें खोल सकती हैं।

क्वालिटी के बारे में यहां पर कहा गया। मैं फिर कहना चाहता हूं कि क्वालिटी बिल्कुल ठीक होनी चाहिए, क्वालिटी खराब नहीं होनी चाहिए, मैं इससे सहमत हूं। यहां पर यह बात कही गई है कि आफ-टेक इसलिए नहीं हुआ क्योंकि क्वालिटी खराब है। मैं कहना चाहता हूं कि किसी राज्य सरकार ने एक भी शिकायत हमको नहीं की कि हम अनाज इसलिए नहीं उठा रहे हैं क्योंकि क्वालिटी खराब है। यह शिकायत आज सदन में हो रही है। राज्य सरकारों ने आज तक हमें नहीं कहा। हम बार बार राज्य सरकारों को कह रहे हैं कि आप पूरा उठाइए। किसी ने यह नहीं कहा कि क्वालिटी खराब होने के कारण हमने नहीं उठाया। हम तो कहते हैं कि हमारा एक गोदाम नहीं है, हमारे 16 सौ गोदाम हैं, आप कहीं से भी उठा सकते हैं। अगर हमारे विभाग के लोग आपको ठीक से क्वालिटी नहीं देते तो इसकी शिकायत हम से कीजिए और आप बिल्कुल ठीक क्वालिटी लीजिए। इसलिए क्वालिटी का बहाना बनाकर कोई नहीं कह सकता कि आफ-टेक समाप्त हो रहा है।

यहां पर आयात की बात हुई। ओजीएल में चले गए, डब्लुटीओ का समझौता हुआ और आयात होने लगा। हमने आयात रोका है। यह श्रेय इस सरकार को जाता है। हमने ड्यूटी लगाकर सुगर के आयात को रोका, गंदम के आयात को रोका और अब आयात की जगह निर्यात हो रहा है।

मैं अधिक विस्तार में न जाकर अंत में इतना ही कहना चाहता हूं कि आदरणीय शंकर राय चौधरी जी ने बिल्कुल ठीक कहा है कि यदि दस हजार, बारह हजार फुट की ऊंचाई पर जवानों को राशन पहुंचाया जा सकता है तो हिन्दुस्तान के गांव के गरीब लोगों को राशन क्यों नहीं पहुंच सकता है। यह पूरी व्यवस्था के लिए सवाल है कि क्यों नहीं पहुंच रहा है। इसमें कमी कहां पर है इसको मिलजुल कर देखने की जरूरत है।

एक बात यह कही गई कि अंत्योदय योजना जो शुरू की गई है इसे कौन चुनेगा, कैसे चुना जाएगा, गरीबों का पता कैसे किया जाएगा। चुनना क्या है, चुने जा चुके हैं। 18 प्रदेशों में 50 लाख परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत 2 रुपए किलो गेहूं और 3 रुपए किलो चावल देना शुरू हो गया है। अब कोई प्रदेश कोई बहाना नहीं बना सकता। हम भूख रहित भारत बनाना चाहते हैं। यदि हम भूख मिटाना चाहते हैं तो हमें भूख को आइडेंटिफाई करना होगा कि भूख है कहां पर। अगर हम पहचान नहीं कर सकते तो भूख को खत्म कैसे करेंगे? प्रदेशों ने इनको पहचाना है, आइडेंटिफाई किया है। 6 प्रदेशों ने यह काम शुरू किया है। इस सारी व्यवस्था को ठीक करने के लिए भारत सरकार निरन्तर कोशिश कर रही है और प्रदेशों को साथ लेकर, उनके सहयोग के साथ हम इसको ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। सब से बड़ी बात, एक सिटीज़न चार्टर अप्रूव कर के सभी जगह भेजा गया है। अभी एक बात कही गई, बिलकुल ठीक बात है कि 25 किलो हमने गरीब के लिए राशन तो कर दिया लेकिन 25 किलो गरीब आदमी इकट्ठा खरीद नहीं सकता है। मैं बिलकुल सहमत हूं आपसे। होता क्या है कि गरीब आदमी जब दुकान खुलती है तो वहां जाता है, 25 किलो इकट्ठा खरीद नहीं सकता और गांव की जो दुकान है वहां से वह दो दो किलो खरीदता है, उधार खरीदता है। उधार के बोझ से वह दब जाता है। इसके लिए हमने आदेश दिये हैं, उस चार्टर के अन्तर्गत आदेश दिये हैं, फेयर प्राइस शाप के बारे में क्या

कहा है - The Fair Price Shops shall be open on all days. प्रतिदिन खोलना जरूरी है। Card holders can get their entitled allotment on any day, any time, on the days indicated in the card. The foodgrains shall be supplied in full monthly entitlement but within the month. हमने कहा कम से चार बार नहीं, दुकान रोज़ खुले, गरीब आदमी जितना लेना चाहता है वहां से ले। यह बात हमने बार बार प्रदेशों को कही है। हमने प्रदेशों को दो तीन बातें और कही हैं। बार बार पत्र लिख करके कही हैं। मैं स्वयं पूरे देश में घूमा, ज़ोंस की मीटिंग की, फूड मिनिस्टर्ज़ को बैठाया, दो तीन बातें कही। एक तो यह मैंने कहा कि यह दुकानें पूरा दिन खुलनी चाहियें। गरीब आदमी जब जितना खरीदना चाहे उसको यह सुविधा मिलनी चाहिये क्योंकि 25 किलो इकट्ठा एक वक्त में खरीद नहीं सकता। हमने दो बातें और कहीं। हमने कहा कि पंचायत को सोशल आर्डर के तौर पर जोड़ा जाए, सभी पंचायतों को, वह गांव की राशन की दुकान में सहयोग दें, चौकसी करें, इंस्पेक्शन करें, एज़ सोशल आर्डर। हमने राज्यों से निवेदन किया कि जिले का खाद्य अधिकारी जब एलोकेशन करता है जिले की दुकान को, मान लो जिले में 200 दुकानें हैं जब एलोकेशन करता है तो एलोकेशन के पत्र की एक कापी हर पंचायत को दे दे और हर पंचायत पंचायत घर के बाहर बड़ा नोटिस बोर्ड लगाए उस पर लिखे कि इस महीने इस गांव के लिए इतना राशन आया है। दूसरा हमने एक और निर्देश दिया था कि राशन की दुकान के बाहर बड़ा नोटिस बोर्ड लगा कर लिखा जाए कि इस महीने इस राशन की दुकान के लिए इतना राशन आया है। यह भी अभी तक पूरा नहीं हो सका। इसके लिए तो पैसे नहीं चाहिये, धन नही चाहिये। हमने यह भी कहा था कि आप जब लाइसेंस देते हैं राशन की दुकान के लिए तो उसमें इसको अनिवार्य करिये कि यह लिखना जरूरी होता है। डाइवर्शन कैसे होती है? गांव का गरीब आदमी जाता है दुकान पर वह कहता है कि मेरी चीनी, डिपो वाला कहता है चीनी इस महीने नहीं आई। वह दो तीन दिन जाता है और फिर वापिस आ जाता है। यही डाइवर्शन होती है। यही मुख्य कारण है। यदि सूचना गांव के व्यक्ति को दे दी जाए, यदि नोटिस बोर्ड पर लिख कर लगा दिया जाए तो डाइवर्शन और चोरी को रोका जा सकता है। फिर गांव का गरीब आदमी पूछेगा चीनी तो आई है, चावल तो आया है, तुम इन्कार कैसे कर सकते हो। उपसभाध्यक्ष जी, मेरा एक निवेदन है। यह तीन बातें भी अभी तक राज्य सरकारों ने पूरी नहीं की। अगर वह करें तो बहुत-सी डाइवर्शन और चोरी रुक सकती है। इसलिए फेयर प्राइस शाप के बारे में जो प्रावधान हमारा है कि प्रतिदिन खुले और गरीब आदमी जितना लेना चाहता है उसको लेने की सुविधा हो, यह राज्य सरकारें करें तो बहुत-सी बातें हो सकती हैं। मैंने मुख्य मंत्रियों को दो बार पत्र लिखा है, बार बार सलाह मशविरा कर रहा हूं ज़ोनल मीटिंग तय की है इसके अतिरिक्त एरिया आफिसर हमने तय किये हैं जो प्रदेशों में जा कर प्रदेशों के अधिकारियों से बातचीत करके इस सिस्टम को इंप्रूव करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने फ्लाइंग स्कैड बनाया है, जहां से शिकायत आती है फ्लाइंग स्कैड जाता है बहुत सी गलत चीज़ों को पकड़ कर के हमने सजा देने की कोशिश की है। एक और नया प्रयत्न किया है विभाग ने हर प्रदेश के अन्दर एक कंसलटेटिव कमेटी बनाई है। इस कमेटी का अध्यक्ष मैम्बर पार्लियामेंट तय किया है ताकि ज्वाइंट रिस्पोंसिबिलिटी हो स्टेट और केन्द्र के बीच में एक नयी कड़ी बनाने की कोशिश हमने की है। उस कमेटी के अन्दर विभिन्न प्रकार के सरकार के प्रतिनिधि, भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि हैं। लेकिन उस कमेटी का अध्यक्ष मैम्बर पार्लियामेंट होगा। हर प्रदेश की यह कमेटी उस प्रदेश में फूड कारपोरेशन के काम को और फूड कारपोरेशन से संबंधित पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के काम को देखेगी। 35 स्थानों पर यह नयी कमेटी बना कर के

राज्य और प्रदेश के बीच में तालमेल बना कर के इस सिस्टम को ठीक करने की कोशिश करेंगे। एक और बात यह है कि उपभोक्ता और गरीब आदमी को बताया जाएगा कि उसके अधिकार क्या हैं? इसके लिए एक अवेयरनेस प्रोग्राम बनाया है हमने और हर जिले में उपभोक्ता अवेयरनेस शिविर लगाकर गरीबों को, उपभोक्ताओं को प्रोटेक्शन एक्ट के बारे में भी, इस बारे में भी पूरी जानकारी देने का हम प्रयत्न कर रहे हैं। इसमें मैं यह समझता हूं कि बहुत सी परियोजनाओं में हम जितना अन्न देते हैं, मैं उस बात को दुबारा दोहराता नहीं हूं, अन्न देने के लिए हम तैयार हैं। सूखाग्रस्त प्रदेशों के लिए 22 लाख टन दे दिया है। इसके अलावा अब जो नयी परियोजना की घोषणा की गयी है, सम्पूर्ण रोजगार योजना, उसमें 50 लाख टन अनाज बिल्कुल मुफ्त हम राज्य सरकारों को देने वाले हैं। यह 5 हजार करोड़ रुपए का होगा। इसके साथ 5 हजार करोड़ की और व्यवस्था करके 10 हजार करोड़ रुपए की सम्पूर्ण रोजगार योजना - यह माननीय प्रधान मंत्री जी ने अनाउंस की है। इसके द्वारा भी 50 लाख टन और 5 हजार करोड़ - यह 10 हजार करोड़ रुपया प्रदेशों के लिए एडीशनैलिटी के रूप में होगा। इसके अलावा वे अपने अपने प्रदेश में काम शुरू करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं।

मैं सहमत हूं माननीय सदस्यों से कि भुखमरी के, भूख के जो भी समाचार आते हैं वे पूरी व्यवस्था के लिए चिंता का विषय हैं। उसमें केंद्र सरकार प्रयत्न कर रही है और यदि कोई सुझाव हों तो उन सुझावों के मुताबिक हम इस सिस्टम में इंप्रूवमेंट करने के लिए तैयार हैं। हमारी कोशिश लगातार प्रदेशों से तालमेल करने की है। लेकिन जैसे सुप्रीम कोर्ट में विषय आया है। दो साल निरंतर कोशिश करने के बाद, यानी हमारा यह कहना है कि आप राशन की दुकान पर लिखकर लगवा दीजिए, यह भी अगर नहीं हो रहा है - इस किस्म की बहुत सी बातें बार बार निर्देश देने के बाद भी नहीं हो रही हैं। अब मैंने माननीय प्रधान मंत्री जी से बात की है। मैं कानून मंत्री जी से भी सलाह कर रहा हूं कि क्या और कोई तरीका हो सकता है कि ये छोटी छोटी बातें जिनके कारण बड़ा काम हो सकता है इन बातों को करने के लिए केंद्र सरकार और क्या करे। इस पर भी हम विचार कर रहे हैं। इस सिस्टम को ठीक बनाने के लिए, इसमें सारी कमियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार कृतसंकल्प है और जो भी अन्य सुझाव माननीय सदस्यों के आए हैं उन पर हम निश्चित रूप से विचार करेंगे।

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal) : Sir, I have a very simple question to put. While replying to the debate, the hon. Minister said "they have restricted the imports of certain items like sugar, edible oil, etc." I would like the hon. Minister -- his Government has been in office since 1998-99 -- to enlighten the House as to what was the rate of customs duty for these items in 1998-99; 1999-2000 and 2000-2001. I am not going into the proposed rate for 2001-2002. If he does not have the figures, would he kindly collect the figures and inform the House about it? Only then his claim that he has controlled the imports by imposing the duty would be justified. The Members should be in a position to verify the rate of duties from the date when this Government came to power, *i.e.* from 1998-99.

SHRI NILOTPAL BASU: Mr. Vice-Chairman, Sir, through you, I would like the Minister to give some figures. What is the total storage

capacity of the Government, at present? We know that a buffer stock of 61 million tonnes is there. Secondly, I would like to know how much stock was available during the last five years; how much stock was available during the last three years; and how much stock was available during the last one year. What is the total amount of stock that has been lying in the godowns for the last one year? I would also like to know whether it will not affect the quality of foodgrains. Another point I would like to know is this. Now, 24 million tonnes is our standard buffer stock. On 1st of April, 2000, there was a buffer stock of 28 million tonnes. Within one year and four months, it grew from 28 million tonnes to 61 million tonnes. How has this steep increase taken place during this very period? Is it unrelated to the sharp hike in the issue prices in the Budget of 2000-2001? Thirdly, how will the hon. Minister contradict the findings of the Standing Committee which after touring there, found that foodgrains were lying there in godowns even for more than nine years. That is a huge quantity. It does not tally with the figures that are now provided to this House while the hon. Minister replied. These are my two-three questions.

श्री शंकर राय चौधरी : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए आदरणीय मंत्री जी और सरकार से कहना चाहता हूं, जैसा कि उड़ीसा में तूफान आया और गुजरात में भूचाल आया, दोनों नेशनल कैलेमिटीज़ थीं, मैं चाहता हूं कि सरकार यह जो भुखमरी फैल रही है, यह कोई अचानक नहीं फैल रही है, इसको भी एक नेशनल कैलेमिटी के तौर पर डिक्लेयर करे और इस पर कार्यवाही करे।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: I want to put very simple questions to the hon. Minister. He was referring to the food subsidy, and he was also saying that the food subsidy has been increased. I know it for certain that the increased subsidy has been spent mostly on storage, transportation and on carrying stocks of the foodgrains, mostly of the soiled foodgrains. So, could you please give us a dispersion of the figures as to how much has been spent for storage, how much has been spent in carrying the foodgrains, and how much has been spent in carrying the soiled stocks? The second point is this. It is none of our intention to say so, but at no point of time, perhaps, any Member has said that the employees of the FCI, at large, are responsible for whatever has happened. Rather you would have told this. I am sure, the hon. Minister will also agree with me that the policy framework -- which has been adopted since 1991 -- of the Government of India has slowly led to this catastrophic situation. It is related to the entire economic policies being adopted by the Government of India. It is a part of that, and we have also referred to the people's

purchasing power. So, would you please tell us whether this issue price of foodgrains, which has increased manifold is responsible for the slow off-take?

SHRI A. VIJAY RAGHAVAN (Kerala) : Recently, the issue price of the APL has been reduced. A reduction of 25 per cent was there. The off-take of the BPL is only 55 per cent. My simple question is : To enhance the off-take of the BPL, will the hon. Minister reduce the issue price of the BPL? That is my simple question.

SHRI V.V. RAGHAVAN: Sir, the hon. Minister has said that the decision to shift from the policy of universal rationing to targeted rationing was unanimously taken by the Chief Ministers and the Food Ministers of all the State Governments. I can certainly say that the Chief Minister and the Food Minister of Kerala had opposed it, because we are universally supplying foodgrains through ration shops. They did oppose it. So, it was not a unanimous decision. The second point, Sir, is that there are 21 lakh BPL families in Kerala. According to the figures supplied and according to the official survey, we are supplying foodgrains only to 15 lakh BPL families. My question is : Why is this discrimination?

श्री मूल चन्द मीणा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने दो रिपोर्टें बताई हैं, एक महाराष्ट्र की और एक यू.पी. की बताई है। यू.पी. में तो आपने गुमनाम पत्र के ऊपर जांच कराई, लेकिन मैं आपको बता रहा हूं कि मेरे गांव से यू.पी. बॉर्डर लगा हुआ है, सार्वज़निक वितरण प्रणाली के माध्यम से राजस्थान में तो लोगों को शक्कर, मिट्टी का तेल, गेहूं आदि मिल रहा है, अब जैसा मिल रहा है वैसा मिल रहा है, लेकिन साथ लगे हुए यू.पी. के वमनपुरा, विजयनगर, खेडला, नगला आदि गांवों में पिछले दस साल से आज तक न तो एक दाना अनाज आया है, न चीनी आई है और न मिट्टी का तेल आया है, अर्थात् इतना घपला यू.पी. के अंदर है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप लिख कर भेज दीजिए। **...(व्यवधान)...**

श्री मूल चन्द मीणा : नहीं, मैं साथ ही दूसरी बात करना चाहता हूं कि इस सार्वज़निक वितरण प्रणाली में जो दोष हैं, जो अवगुण आ गए हैं, डीलर और सरकारी कर्मचारी मिल कर, लोगों को माल देते नहीं हैं, लोगों को माल मिलता नहीं है, बल्कि आपके गोदामों से माल ढोकर बाज़ार में ले जा कर उसे बेच दिया जाता है, उसको रोकने के लिए पहले की तरह कोई सख्त कानून आप बनाने जा रहे हैं?

SHRI JIBON ROY: Sir, so far as the speech of the hon. Minister is concerned ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : यह एक महत्वपूर्ण विषय है नहीं तो 6 बजे हाउस एडजॉर्न हो जाना था। अब जब इतना टाइम हो गया है तो उन की जो शंकाएं, वह उठा सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

SHRI JIBON ROY: Sir, so far as I could understand the speech of the hon. Minister, the main contention of his argument is that the off-take is not taking place. It is a serious thing that despite the fact that the price of foodgrains for the BPL is 50 per cent less than the market fact, the off-take is not taking place. This problem is beyond my comprehension. It defies the economic justification. I would like to know from the hon. Minister whether this fact was discussed in the Cabinet meeting or at the NDC meeting or at a meeting with the Chief Ministers. It is a serious thing as it affects the total economy of the country.

श्री शांता कुमार : उपसभाध्यक्ष महोदय, दो-तीन विषय उठाए गए। माननीय सदस्य ने ड्यूटी के संबंध में पूछा है। प्रारंभ में तो जीरो परसेंट ड्यूटी थी। ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: You kindly give the details specifically during 1998 and 1999.

श्री शांता कुमार : हमारी सरकार आने से पहले यह बिल्कुल खुला था। विदेशों से सस्ता माल भारत में आ सकता था। ...**(व्यवधान)**... आना शुरू हो गया, आने लगा, लेकिन ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Mr. Minister, at that time there was no quantitative restriction. Please do not mislead the House. When during 1999-2000 we improved our BOP, the quantitative restrictions were removed. So, don't mislead the House. Before that there was a quantitative restriction on the import of food items. Therefore, whether it was partial duty or one hundred per cent duty, it was irrelevant. You reduced the import duty in each Budget right from the year 1998-99 onwards. I would not have raised this question, if you had not spoken like this. It is your Government, which has reduced the import duty continuously from 1998-99 onwards.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अगर इनफॉर्मेशन नहीं है तो बाद में दे दीजिए।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Do you know when the quantitative restrictions were imposed.

श्री शांता कुमार : मैं वर्षवार सारे फिगर्स माननीय सदस्यों को दे दूंगा, लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि ड्यूटी पहले जीरो परसेंट थी, कोई रिस्ट्रिक्शन नहीं था, आयात सस्ता हो रहा था ...**(व्यवधान)**... चीनी का भी, गेहूं का भी। हम ने निरंतर ड्यूटी लगाकर उस के सारे-के-

सारे आयात को रोका है। ...**(व्यवधान)**... वह फिगर्स मैं आप को दे दूंगा। ...**(व्यवधान)**... मैं सारे फिगर्स आप को दे दूंगा।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: This is absolutely incorrect. Probably the Minister does not know what is meant by quantitative restrictions. He is misleading the House. Please tell me when the quantitative restrictions were removed. ...*(Interruptions)*... If you do not know, say you do not know.

श्री शांता कुमार : आज आयात लगभग बंद है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: When did you impose the duty? My allegation is that in 1998-99, you reduced the import duty. You reduced it in 1999-2000 and again in 2000-2001 and now you are saying that it had been enhanced recently. The point is when did you do that? You are misleading the House.

श्री विक्रम वर्मा : आप ने ड्यूटी के बारे में पूछा है ...**(व्यवधान)**... उन्हें जवाब तो देने दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : ड्यूटी बढ़ाकर 40-60 परसेंट तक की। उस के कारण इम्पोर्ट लगभग बंद हुआ है। वर्षवार सूचना मैं आप को दे दूंगा। ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: If you do not know, you say you don't know.

श्री विक्रम वर्मा : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस में गुस्सा होने की तो बात नहीं है। ...**(व्यवधान)**... यह गुस्सा होने या डांटने वाली बात है क्या? ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : डब्ल्यू.टी.ओ. के समझौतों के मुताबिक ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : जो जानकारी चाहिए, वह बाद में उपलब्ध करा दीजिए।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Sir, the whole speech which the hon. Minister is giving is politically motivated. We are walking out of the House in protest against his politically motivated speech. I have neve heard a speech of this nature. It is totally misleading. You give the figures and we will show you. Sir, we are walking out in protest.

(At this point some hon. Members left the Chamber.)

श्री विक्रम वर्मा : यह तो इन की राज्य सरकारों की असफलता के खिलाफ है, इसलिए विरोध कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : उपसभाध्यक्ष जी ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Nothing, except what the Minister is saying will go on record.

श्री शांता कुमार : डब्ल्यू.टी.ओ. के समझौते के मुताबिक ओपन जनरल लाइसैंस में ये सारी चीजें ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : मंत्री जी, जो जानकारी चाही गई है, वह आप दे दीजिएगा।

श्री शांता कुमार : सारी चीजें आने के बाद इनका आयात शुरु हुआ और देश को चीनी की जरूरत नहीं थी, व्हीट की जरूरत नहीं थी लेकिन आयात होने लगा और 1996, 1997, 1998 के अंदर 30 लाख टन गंदम आयात हुई इस देश के अंदर। जब यह लगा कि यह कृषि के खिलाफ है, किसान को इससे नुकसान हो रहा है तो इस सरकार ने डयूटी लगानी शुरु की और आज यह स्थिति है कि इन चीजों का आयात लगभग पूरी तरह से बंद हो गया है। तो इस सरकार को यह श्रेय जाता है कि डयूटी लगाकर हमने इनका आयात बिल्कुल रोक दिया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : बाकी जो प्वाइंट्स माननीय सदस्यों ने उठाए हैं, उनकी जानकारी आप उन्हें उपलब्ध करा दीजिएगा।

श्री शांता कुमार : वह सदस्य तो चले गए।

SHRI O. RAJAGOPAL: They have raised certain questions. Those are on record. Let him reply to those. ...*(Interruptions)*...

श्री विक्रम वर्मा : वे सारे प्वाइंट्स जो इस सदन के अंदर उठाए गए हैं, हम बाकी के सदस्य उनका जवाब सुनना चाहते हैं, यहां उनका जवाब आ जाए, वे रिकार्ड में से पढ़ लेंगे।

श्री शांता कुमार : सर, मैं बाकी का जवाब दे रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : जब आप सब सुनना चाह रहे हैं तो फिर उन्होंने जो एक्साइज़ डयूटी के डिटेल मांगे थे वे उपलब्ध करा दीजिए।

श्री शांता कुमार : मैं तो कह रहा हूं कि वह उपलब्ध करा दूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : चेयर से क्वेश्चन नहीं किया जाता। ...**(व्यवधान)**...

श्री विक्रम वर्मा : अब वे दूसरे प्रोविज़न्स की बात कर रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : चेयर से क्वेश्चन नहीं किया जाता। अगर आप सारी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं तो फिर वहीं से शुरु कर दीजिए, नहीं तो समय काफी हो गया, आप वह जानकारी जिन माननीय सदस्यों ने चाही है, उनको दे दीजिएगा।

SHRI O. RAJAGOPAL: There are certain questions which are on record. Therefore, it would be appropriate, if the Minister replies to those questions. Whatever replies are readily available with him, he will reply. The replies which are not readily available, he will send it in writing.

श्री शांता कुमार : केवल दो-तीन बातें हैं, अधिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि केपिसिटी कितनी है, केपिसिटी 512 लाख टन है। हमारे पास अनाज 616 लाख टन है, 61 लाख टन और केपिसिटी बढ़ाने के लिए हमने पांच प्रदेशों को गारंटी दी है। 61 लाख टन केपिसिटी और बढ़ रही है। नेशनल स्टोरेज पालिसी के अंदर 30 लाख टन की केपिसिटी और हम बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह कहा गया कि इतना जो अनाज इकट्ठा हो गया, यह ऑफ टेक न होने के कारण हुआ, ऐसा बिल्कुल नहीं है। अधिक अनाज इकट्ठा होने का एकमात्र कारण यह है कि हमने जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस तय की वह किसान का हित सामने रखकर तय की। किसान ने अपनी प्रोडक्शन हमको देने की अधिक कोशिश की, हमने वह ली। किसान की मदद करने के लिए, लाभप्रद मूल्य किसान को मिले, इसके लिए जो सरकार की नीति है उसके कारण हमारे भंडारों में अधिक अन्न है।

सब्सिडी जो है, वह टोटल 13,000 करोड़ रुपए है। उसमें से पांच, साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए हमारी कैरिंग कास्ट है, बाकी लगभग साढ़े सात हजार करोड़ रुपए हमारी फूड सब्सिडी है।

उन्होंने पूछा कि जो दोष आए हैं उनको कैसे ठीक किया जाएगा, तो वह तो मैंने कहा कि उनको ठीक किया जा सकता है। ऑफ टेक के बारे में उन्होंने जो बात कही, वह बात ठीक नहीं है। आफ टेक कम होने का कारण उस प्रदेश की गवर्नेंस है। अब कुछ प्रदेशों में आफ टेक 80 प्रतिशत है, कुछ प्रदेशों में 90 प्रतिशत है, कुछ प्रदेशों में 20 प्रतिशत है। इसका कारण क्या है? इसका सबसे बड़ा कारण उस प्रदेश की गवर्नेंस है। जिन प्रदेशों में अपनी व्यवस्था ठीक है, वे पूरा उठाते हैं। अगर किसी प्रदेश में 80-90 प्रतिशत उठाकर बांटा जा सकता है, तो किसी दूसरे प्रदेश में केवल 20 प्रतिशत क्यों उठाया जा रहा है? इसीलिए मैं कह रहा हूं कि इस सारे आफ टेक की जो जिम्मेदारी है, उस जिम्मेदारी में ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : मंत्री जी, जो आप राज्य सरकारों की गवर्नेंस पर आक्षेप लगा रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री शांता कुमार : आक्षेप नहीं लगा रहा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आपका ही सदन में आंसर है कि जो आफ टेक कम होने के कारण हैं, उसका एक कारण यह भी है कि मूल्य जो हैं वह बाजार रेट के लगभग समकक्ष है। यह आपका ही आंसर है।

श्री शांता कुमार : आपका कहना ठीक है, लेकिन अगर मूल्य कारण हो ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : नया विवाद मत छेड़िए।

श्री शांता कुमार : अगर मूल्य कारण हो तो किसी प्रदेश में 90 परसैंट आफ टेक क्यों है। वहां मूल्य वही है ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : इसके लिए केवल राज्य की गवर्नेंस जिम्मेदार नहीं है, यह आपका ही आंसर है।

श्री शांता कुमार : हम सारे देश में 5.20 रुपए के हिसाब से गंदम दे रहे हैं। उस भाव से अगर कोई प्रदेश 90 परसैंट उठाता है तो दूसरा प्रदेश 22 परसैंट क्यों उठा रहा है?

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : चलिए, अब आप रिपीट मत कीजिए, समाप्त कीजिए।

श्री शांता कुमार : यह एक सच्चाई है जिसके बारे में सदन को ध्यान देना चाहिए। यही बातें इसमें आई थीं और कोई विशेष बात नहीं है। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर अल्पकालिक चर्चा पर चर्चा अब समाप्त की जाती है।

सदन की कार्रवाई कल बृहस्पतिवार, दिनांक 23 अगस्त, 2001, पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at forty minutes past seven of the clock, till eleven of the clock on Thursday, the 23rd August, 2001.